# **जनपद बाराबंकी**

**प्रेसनोट सं0-13,** **दिनांक-16.04.2025**

स्वाट/सर्विलांस व थाना कोठी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा महिला के ब्लाइंड मर्डर का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त/मृतका के पति को किया गया गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद-

दिनांक- 10.04.2025 को वादी गुलाब देई पत्नी स्व0 नन्हा निवासिनी भोरहा कला सहादतगंज थाना मसौली जनपद बाराबंकी द्वारा सूचना दिया गया कि उसकी पुत्री राजकुमारी पत्नी सूर्यलाल निवासी पूरे लाला मजरे सेमरावां थाना कोठी जनपद बाराबंकी की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गला रेत कर हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोठी में मु0अ0सं0 102/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर फॉरेंसिक टीम को साक्ष्य संकलन एवं घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना कोठी की पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त/मृतका के पति सूर्यलाल धीमान पुत्र रामेश्वर निवासी लाला पुरवा मजरे सेमरावां थाना कोठी जनपद बाराबंकी को JBS ब्रिक फील्ड भट्ठा मोड़, ग्राम मीरापुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशांदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद चाकू बरामद की गई।

पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि मृतका का विवाह लगभग 4 वर्ष पूर्व अभियुक्त सूर्यलाल से हुआ था। मृतका अधिकतर फोन पर बात किया करती थी एवं अभियुक्त के विरोध करने पर झगड़ा करती थी। अभियुक्त को शक था कि उसकी पत्नी के अवैध सम्बन्ध हैं, इसी रोष में दिनांक- 10.04.2025 को अभियुक्त द्वारा चाकू से गला रेत कर अपनी पत्नी राजकुमारी की हत्या कर दी गई।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

सूर्यलाल धीमान पुत्र रामेश्वर निवासी लाला पुरवा मजरे सेमरावां थाना कोठी जनपद बाराबंकी

**बरामदगी-**

आलाकत्ल 01 अदद चाकू

**पुलिस टीम-**

**स्वाट टीम-**

1. निरीक्षक श्री ब्रजकिशोर सिंह प्रभारी स्वाट टीम
2. उ0नि0 श्री संजीव प्रकाश सिंह
3. उ0नि0 श्री मिथिलेश चौहान
4. उ0नि0 श्री अजीजुल हसन
5. हे0का0 बलवन्त सिंह, हे0का0 अंगद गौड़
6. हे0का0 जितेन्द्र बहादुर सरोज, हे0का0 मुकेश यादव,
7. का0 प्रवीण शुक्ल, का0 जरनैल सिंह, का0 अभय कुमार,
8. का0 अंकित तोमर, का0 अभिषेक राजवंशी, का0 नितिन कुमार

**सर्विलांस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अजय सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल
2. उ0नि0 श्री रामाधार पटेल
3. हे0का0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, हे0का0 जितेन्द्र वर्मा
4. हे0का0 मजहर अहमद, हे0का0 चन्द्रभान,
5. हे0का0 पवन गौतम, का0 शैलेन्द्र कुमार, का0 अंकुर, का0 रवीन्द्र कुमार

**थाना कोठी-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना कोठी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह
2. अति0 निरीक्षक श्री रामनरेश यादव
3. व0उ0नि0 श्री शिवसागर तिवारी
4. हे0का0 ध्रुवराज गौतम, हे0का0 बलिकरन